हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 फरवरी 2026

08 देर रात मजमा चौकी पहुंच एसपी मंडलोई ने दिए सख्त...



09 यूजीसी बिल के विरोध में बंद रहा कराहल, युवाओं ने ...





## खबर संक्षेप

### कमलेश तिवारी बने जिला शहर कांग्रेस के प्रवक्ता



**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के उपरांत जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने घोषित कार्यकरणी में कमलेश तिवारी को जिला शहर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। कमलेश तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जो जवाबदारी मिली है उसका नीति संगत पालन करेंगे। कमलेश तिवारी इसके पूर्व में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव सहित कांग्रेस युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में विभिन्न पदों पर रहे हैं।

### विश्वकर्मा मंदिर में अभिषेक कर मनाया प्राकट्योत्सव

**खुरई।** शनिवार को नगर में माघ सुदी त्रयोदशी के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्योत्सव मनाया। भूसा मंडी रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सुबह 9 बजे से अभिषेक, पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बारी-बारी से मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां दीं। वहीं महिलाओं ने मंगलगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। हवन के बाद पूर्णाहुति की तथा भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संत रविदास जयंती पर नगर में व्यापक स्वच्छता अभियान

**खुरई।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के पावन अवसर को गरिमामय और व्यवस्थित रूप से मनाए जाने हेतु नगर के विभिन्न संत रविदास मंदिरों, स्मारकों एवं संबंधित परिसरों में विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्य चलाया गया, इस अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसरों, मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई करवाई गई,चूना लाइन, मार्ग सफाई, धुलाई कार्यों के साथ-साथ मंदिरों, प्रतिमाओं एवं परिसरों में आकर्षक साज-सज्जा, रंग-रोगन एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी प्रमुखता से की गई, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव की पावन अनुभूति हो रही है। स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर समस्त कार्यों का संपादन करवाया तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया, उनके निर्देशन में स्वच्छता अमले ने पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित स्वच्छता सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि संत रविदास जी की यात्रा मार्ग, मंदिरों, स्मारकों एवं परिसरों को विशेष प्राथमिकता देते हुए सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखा जाए।

### हर दिन बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

**सागर।** जिला चिकित्सालय में अब हर दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे एवं बनने के पश्चात दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर किया जाएगा। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी. आर. ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के दिव्यांगों को चिन्हित कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय भेजें जिससे कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र आसानी से बन सकें। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनने के बाद संबंधित अधिकारी प्रमाणपत्र को दिव्यांगजन के व्हाट्सएप नंबर पर शेयर करें एवं उन तक हार्डकॉपी पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा कि दिव्यांगजन यदि आपके समक्ष आतें है तो पूरे सम्मान के साथ उनकी बात सुनें और उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

## तिनका-तिनका जोड़कर सेन समाज ने किया बड़ा आयोजन, आयोजन समिति को बधाई

# कर्पूरी ठाकुर सेन समाज के वह सूरज हैं जिन्होंने समाज को ही नहीं पूरे देश को रास्ता दिखाया: गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर साधारण परिवार में जन्मे लेकिन असाधारण प्रतिभा के चलते उन्होंने उस समय अपनी शिक्षा पूरी की तथा सेन समाज के ही नहीं देश के वह सूरज बने जिसने समाज को ही नहीं पूरे देश को राह दिखाई यह बात खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सेन समाज द्वारा आयोजित पीटीसी ग्राउंड में कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर कहीं। मंत्री राजपूत ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर एक महान नेता, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनका जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले के पितौंधिया गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद राजनीति में प्रवेश किया और जल्द ही बिहार की राजनीति में एक प्रमुख नेता बन गए। कर्पूरी ठाकुर ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें बिहार के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री शामिल हैं। उन्होंने बिहार के




विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में सुधार शामिल हैं। राजपूत ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और जाति प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए भी काम किया और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए, जिनमें शिक्षा को अनिवार्य करना और शिक्षा के लिए बजट बढ़ाना शामिल है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई सुधार किए, जिनमें अस्पतालों की संख्या बढ़ाना और स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना, कृषि के क्षेत्र में कई सुधार किए, जिनमें किसानों को सस्ते दर पर कर्ज प्रदान करना और कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाना, उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और जाति प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी और महिलाओं के अधिकारों के लिए काम किया, उनकी मृत्यु के बाद, भाजपा सरकार द्वारा उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी जयंती 24 जनवरी को मनाई जाती है और उन्हें बिहार के सबसे महान नेताओं में से एक माना जाता है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री रहली विधायक पं गोपाल भार्गव ने सेन समाज के कार्यक्रम को लेकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन ने सेन समाज को बधाई देते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर वह महान नेता थे जिन्होंने कमजोर वर्ग की आवाज उठायी ही नहीं बल्कि उनके लिए अनेकों कार्य किये। देष और सेन समाज के वह गौरव है जिनके पदचिन्हों पर चलकर हम आगे बढ़ेंगे। बण्डा विधायक वीरेन्द्र लंबरदार, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, बीना विधायक निर्मला सप्रे, पूर्व खुरई विधायक अरुणोदय चौबे नगर पालिका अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, ने कार्यक्रम में सिरकत की एवं संबोधित किया।



### संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की शोभा यात्रा का जिला शहर कांग्रेस ने किया स्वागत

**सागर।** संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज के 649वें प्रकाश पर्व पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के द्वारा कांग्रेस कार्यालय के पास निकाली जा रही विशाल शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं सद्गुरु रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सबकी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा । जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में संत रवीदास जी महाराज की जन्म जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज ने जो मन चंगा तो कसौटी पर गंगा का संदेश दिया था आज उसको जीवन में लोग आत्मसाध कर रहे हैं। उनके बताएं मार्गों पर चलने से ही देश परिवार और समाज का कल्याण संभव है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री रेखा चौधरी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमराज रजक, राजे, नरेंद्र मिश्रा, यादव, शरद पुरोहित, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, जितेंद्र रोहन, साजिद राइन रमा कांत यादव, नव नियुक्त प्रवक्ता कमलेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण सोनकिया समीर खान, अलीम ताज्जु, जितेंद्र चौधरी, दीनदयाल तिवारी, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, साजिद राइन, महेश अहिरवार, कुंजीलाल लाडिया, हीरालाल चौधरी, दुलीचंद सकवार, प्रशांत सोनी, पप्पू गोस्वामी, अशोक नागवानी साजिद रायन, किरण लता सोनी, आनंद हैला शमिल थे।

# पीएम श्री स्कूल पंढरपुर के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, ऐतिहासिक स्थलों को जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहली

पीएमश्री योजना के अंतर्गत, शास पीएमश्री हाईस्कूल पंढरपुर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट 2026 का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कक्षा 9वीं और 10वीं के लगभग 80 छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

#### प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण का पाठ

भ्रमण की शुरुआत रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से हुई। यहाँ विद्यार्थियों ने प्रकृति के करीब रहकर प्राकृतिक संपदाओं को करीब से देखा। वन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

टाइगर रिजर्व के पश्चात विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की संस्कारधानी, जबलपुर के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों और ऐतिहासिक



स्थलों का भ्रमण किया विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की भव्यता को देखा। जय स्तंभ और मदनमहल किला पहुँचकर छात्रों ने क्षेत्रीय इतिहास और प्राचीन स्थापत्य कला की जानकारी प्राप्त की। पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित रानी दुर्गावती संग्रहालय में रखी गई प्राचीन प्रतिमाओं और ऐतिहासिक शिला लेखों ने विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। भ्रमण का समापन विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट के धुआँधार जलप्रपात और संगमरमरी चट्टानों के दर्शन के साथ हुआ।

#### मार्गदर्शन और सहयोग

यह सफल शैक्षणिक भ्रमण संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त पदस्थ शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने प्रत्येक स्थल पर विद्यार्थियों को उनके ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्व के बारे में जानकारी दी।प्राचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों का न केवल बौद्धिक विकास होता है, बल्कि उन्हें अपनी विरासत और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी अहसास होता है।



### ग्राम पंचायत कुमरई में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन, जनप्रतिनिधियों ने रखे अपने विचार

**गढ़ाकोटा।** रहली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कुमरई में गुरुवार के दिन हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सम्मेलन में प्रमुख रूप से रहली जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, गढाकोटा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी एवं जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या ने अपने संबोधन में हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहकर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए और आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिन्दू सम्मेलन जैसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से समाजहित में आगे आने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल ने कहा कि हिन्दू समाज की ताकत उसकी एकता में है। उन्होंने सामाजिक समरसता, शिक्षा एवं संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की बात कही और ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने की अपील की। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। सम्मेलन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बाजार जाते समय कपड़े, जूट का थैला साथ लेकर ही जाएं: प्रतिभा

**खुरई।** संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खुरई के उपखंड कठैली में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें 40 गांवों के लोगों ने सम्मिलित होकर एकजुटता का परिचय दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संत पंडित विपिन बिहारी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ. जीएस चौबे ने संघ की सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए संगठन के उद्देश्यों, कार्यशैली और समाज निर्माण में योगदान की जानकारी दी। वहीं प्रतिभा रावत, जिला महिला समन्वयक ने पंच परिवर्तन विषय पर जानकारी देते हुए प्लास्टिक के नुकसान बताए। उन्होंने कहा कि बाजार जाते समय कपड़े, जूट का थैला साथ लेकर जाएं, जिससे पर्यावरण को बचाया जा सके। साक्षी दीदी ने समाज को जाति-भेदभाव खत्म कर एकजुट रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और समरसता से ही मजबूत समाज का निर्माण संभव है। उपस्थित ग्रामीणों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और एकता के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर युवक घायल, सागर रेफर किया

**खुरई ।** बीना रोड पर कुरवाई गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार विकास 20 पिता नंदलाल अहिरवार निवासी ढिकुआ मकान बनाने का काम करता है। शनिवार को भी वह अपने गांव से खुरई काम पर आया था लेकिन खाना लेने के लिए वह खुरई से अपने गांव ढिकुआ जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल खुरई में भर्ती कराया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मनुष्य को भटकने से बचाता है सत्संग: प्रेमभूषण महाराज

# पूज्य श्री रावतपुरा सरकार के सानिंध्य में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न, दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में दर्शन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सत्संग तो अपने घर से ही प्रारंभ होना चाहिए। जैसे मां भगवती ने प्रश्न किया और भोले बाबा ने पूरी राम कथा सुना दी। सत्संग का अर्थ होता है सत्य का संग। जिस घर में सत्संग का प्रवेश हो जाता है सत्संग का वातावरण बन जाता है वह घर अपने आप मंदिर के रूप में परिवर्तित हो जाता है। सत्संग मनुष्य को भटकने से बचा लेता है। यह वचन सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के दूसरे सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किए।

सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा गायन के क्रम में कहा कि जो आपके लिए सत्संग का अवसर पैदा कर दे, आपको कथा में पहुंचा दे आपको तीर्थ में जाने का अवसर प्रदान कर दे, उसका भरपूर आदर करना चाहिए। सत्संग का अवसर देने के लिए भोले बाबा ने मां भगवती की भी खूब प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा मनुष्य को सुखी जीवन के मार्ग और साधन प्रदान करती है। इस कलिकाल में राम कथा मनुष्य को पाप से बचाने के लिए कलमषी वृक्षों को काटने के लिए कुल्हाड़ी का कार्य करती है। कथा श्रवण करने वाला भटकने से बच जाता है और सत्कर्म में उसकी गति हो जाती है। मनुष्य अगर सत्संग और कथा में रहते हुए अपने सभी सांसारिक दायित्वों का निर्वाह करें तो उनकी



मति और गति अपने आप सत्कर्मों में होने लगती है।

महाराज श्री ने कहा कि भारत की पुण्य भूमि पर ही भगवान का अवतार होता रहा है। कभी अंशा अवतार तो कभी विशिष्ट अवतार और तो कभी पूर्णावतार के रूप में भगवान इस धरती पर आकर इस धरती को धन्य करते रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमने इस धरती पर जन्म लिया है। दुनिया के किसी भी देश में भारत के तरह बच्चों को महत्व नहीं मिल पाता है यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे भारतवर्ष के बच्चे ममता की छांव में पलते हैं। पूज्यश्री ने कहा कि भगवान को तर्क से नहीं जाना जा सकता है। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि निरंतर भजन में रहने वाले की कभी मृत्यु नहीं होती है। इसलिए सामान्य व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने जीवन के सभी क्रियाओं में संयुक्त रहते हुए भजन में भी प्रवृत्त हों। महाराज जी का सत्कर्म सोचने से नहीं होता है सत्कर्म के लिए सोचने वाले सोचते रह जाते हैं लेकिन करने वाला तुरंत उस कार्य को पूरा कर लेता है। जीवन में सफल होने का एक महत्वपूर्ण सूत्र यह भी है कि अगर हमारा सोचा हुआ कोई कार्य हो जाए तो उसे हरि कृपा माने और अगर ना हो तो उसे हरि इच्छा मान लें।

पूज्यश्री ने कहा कि मनुष्य अपने अर्थ और संपत्ति का उत्तराधिकारी तो बना जाता है लेकिन अपने परमार्थ पथ का उत्तराधिकारी कोई-कोई बना पाता है। प्रेमभूषण जी महाराज ने श्री राम कथा गायन के क्रम में श्री राम के मानव शरीर धारण करने के कारणों और प्राकट्य से जुड़े प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि अपने जीवन काल में ही हमें अपने परमार्थ पथ का उत्तराधिकारी तैयार करने की आवश्यकता है, तभी तो कई पीढ़ियों तक परमार्थ चलता रहता है। महाराज श्री ने कहा कि राम जी की भक्ति प्राप्त करने के लिए हमें शिव जी की कृपा प्राप्त करनी पड़ती है।

पूज्य श्री ने कहा कि जिस विषय का प्रबोधन ना हो उसे विषय में संबोधन नहीं करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के एक राजनेता ने रामचरितमानस और तुलसी बाबा की बार-बार निंदा की और कई तरह के कुवचन कहे। जो बोया था आज काट रहे हैं। चारों तरफ थू-थू हो रही है। प्रकृति किसी को भी क्षमा नहीं करती है। सनातन धर्म और संस्कृति किसी एक व्यक्ति की बनाई हुई नहीं है। सबसे अधिक अत्याचार सनातन धर्म पर ही होते आए हैं फिर भी हमारे संस्कृति पूरे विश्व में अपना सर्वोच्च स्थान बनाये रखने में सक्षम है। जीवन में सदा सुखी रहने का सूत्र बताते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि जीवन में सुख और शांति चाहते हैं तो हमें भगवान की शरणागति के साथ ही साथ प्रेम और शांति का अनुसरण करना चाहिए। किसी को भी शांत कराया नहीं जा सकता है। शांत केवल खुद के प्रयासों से ही रहा जा सकता है। जगत के व्यवहार में भी आप कुशलतापूर्वक रहे लेकिन ईश्वर में प्रेम निरंतर प्रगाढ़ होते रहना चाहिए। केवल प्रेम ही राम को प्रिय है। वह राम का स्वरूप भी है, कृष्ण जी का भी स्वरूप है और इसीलिए निर्मल प्रेम ही अलौकिक है।

महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए। इस आयोजन के मुख्य यजमान एवं विधायक भूपेंद्र सिंह जी ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया और राज्य के मंत्री राकेश सिंह एवं सागर के विधायक शैलेन्द्र जैन ने भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात युवा नेता अविराज सिंह ने शिवतांडव स्त्रोत को कंठस्थ सस्वर सुनाया।



### पांच दिवसीय करियर मेले का हुआ समापन

**गढाकोटा।** सागर जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में पांच दिवसीय केरियर मेला का समापन बुधवार के दिन हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट महेंद्र शर्मा उपस्थित रहे, केरियर मेले में प्रत्येक दिन अलग-अलग फील्ड के केरियर काउंसलर एडवोकेट,ब्यूटीशियन इंजीनियर एवं फार्मासिस्ट द्वारा छात्रों को विभिन्न कोर्सों एवं करियर संबंधी जानकारी दी गई साथी शासन द्वारा भेजी गई लिंक द्वारा ऑनलाइन भी छात्रों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग कराई गई। इस अवसर पर प्राचार्य हरिशंकर सोनी सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय कि छात्राऐ मौजूद रही।

### दुगाहकला में शराब और गांजे की बिक्री व सेवन पर ग्रामीणों ने लगाया प्रतिबंध

**खुरई।** शनिवार को मालथौन तहसील के दुगाहाकला गांव को नशामुक्त बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में सर्वसमाज ने बैठक कर नशाबंदी का निर्णय लिया। अब गांव की सीमा के भीतर शराब, गांजा या किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की न तो बिक्री होगी और न ही कोई इनका सेवन करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि कोई व्यक्ति गांव में नशीले पदार्थ बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसे 5100 रुपए का जुर्माना देना होगा। वहीं गांव में नशा का सेवन करते पाए जाने पर 2100 रुपए के दंड का प्रावधान रहेगा। गांव वालों का कहना है कि नशे के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा था और आर्थिक नुकसान भी हो रहा था। इस फैसले से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और इसे सामाजिक बुराई के खिलाफ एक बड़ी जीत माना जा रहा है।बैठक में उपस्थित सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. राजेश पटैरिया, करणी सेना जिला अस्पताल बृजेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी ग्रामवासियों को नशा नहीं करने एवं गांव में नशे का व्यापार नहीं करने देने की शपथ दिलाई, बैठक मे बजरंगदल व हिन्दू संगठनों सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सराफा व्यापारी की हत्या के खुलासे व शीघ्र गिरफ्तारी संबंधी की समीक्षा

# देर रात मजना चौकी पहुंच एसपी मंडलोई ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति जांचने, पुलिस कार्यप्रणाली की प्रभावशीलता तथा प्रशासनिक एवं विवेचनात्मक कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य के चलते पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई रात्रि में जिले के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान जब अचानक एसपी मंडलोई मजना चौकी पहुंचे तो मौजूद पुलिसकर्मी चौंक गए। तब एसपी मंडलोई ने चौकी प्रभारी से आवश्यक जानकारी लेने के बाद सख्त निर्देश देते हुए कहा कि चौकी क्षेत्र में हुए सराफा व्यापारी की हत्या के खुलासे एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएं। इस दौरान उन्होंने चौकी मजना के प्रशासनिक एवं विवेचनात्मक कार्यों की समीक्षा भी की।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के द्वारा जिले की पुलिस चौकी मजना का देर रात्रि में निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति, पुलिस कार्यप्रणाली की प्रभावशीलता तथा प्रशासनिक एवं विवेचनात्मक कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा चौकी परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, ड्यूटी व्यवस्था एवं समग्र प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही मालखाने में संधारित जब्त माल, रिकॉर्ड रूम में रखे गए अभिलेख, अपराध पंजी, जरायम रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की विस्तारपूर्वक जांच की गई तथा उनके समुचित संधारण के लिये आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मजना चौकी में उपलब्ध बलवा नियंत्रण ड्रिल सामग्री जैसे बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, जाली, लाठी एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति, उपलब्धता एवं उपयोगिता की भी समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा पुलिस कर्मियों की कार्यशैली, आम नागरिकों के प्रति व्यवहार एवं समयबद्ध सेवा प्रदाय को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। इसी निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा मजना चौकी क्षेत्र में घटित सराफा व्यापारी की हत्या के प्रकरण के खुलासे एवं विवेचना की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विवेचना से संबंधित प्रत्येक बिंदु पर चर्चा करते हुए साक्ष्य संकलन, तकनीकी विश्लेषण एवं संदिग्धों की गतिविधियों की जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उक्त गंभीर अपराध के शीघ्र खुलासे एवं आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी के लिये चौकी प्रभारी सहित संपूर्ण पुलिस स्टाफ को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश प्रदान किए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि विवेचना में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण उपरांत पाई गई कमियों को चिन्हित करते हुए उन्हें समयबद्ध रूप से दूर करने, अभिलेखों को अद्यतन रखने, मालखाने के सुव्यवस्थित संधारण तथा पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि मजना चौकी स्तर पर अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए निरंतर सतर्कता एवं सक्रियता बरती जाए।

## बाल विवाह मुक्त समाज संकल्प के साथ जनजागरण अभियान

# कुरीति पर वार करने निकला रथ विधायक ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जस्ट राइट फ़ॉर चिल्ड्रन के सहयोग से जनजागरण के लिए 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्यप्रदेश शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथयात्रा को अपने निज कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कृषक सहयोग संस्थान द्वारा आयोजित रथयात्रा को रवाना करने के अवसर पर क्षेत्र के विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, इसके खिलाफ समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर बुराई को मिटाना होगा। बाल विवाह न केवल बच्चों



के बचपन को खत्म करता है, बल्कि उनके सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास को भी बाधित करता है। ये अभियान निश्चित ही समाज में एक चेतना बातावरण तैयार कर बाल विवाह जैसे दुष्परिणाम रोकने के साथ साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एक सशक्त पहल बनकर सजगता पैदा करेगा। कृषक सहयोग संस्थान के सभी साथियों को शुभकामनाएं देते हैं। इस अवसर पर पूर्व कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मिश्रा, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष जब्बार खान, सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह बुंदेला, समाजसेवी गौरव शर्मा, कृषक सहयोग संस्थान के जिला समन्वयक अक्षय मिश्रा, लोकेंद्र कुशवाहा सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जस्ट राइट फ़ॉर चिल्ड्रन देशभर के 450 से ज्यादा संगठनों का समूह है, जो देशभर में बच्चों के अधिकारों को लेकर काम कर रहा है। जिला समन्वयक अक्षय मिश्रा ने बताया कि हमारी संस्था काफी समय से बाल शोषण के खिलाफ काम कर रही है। संस्था के लिए ये काम अकेले करना संभव नहीं है, इसलिए जस्ट राइट फ़ॉर चिल्ड्रन के सहयोग से हम मिलकर ये कार्य कर रहे हैं।

## एसपी मंडलोई के निर्देशन में संवेदनशील पुलिसिंग का प्रभावी उदाहरण

# परिवार जोड़ो अभियान में 79 परिवार पुनः हुए एकजुट दहेज प्रताड़ना मामलों में 54.12% की गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में संवेदनशील पुलिसिंग के प्रभाव के चलते और परिवार जोड़ो अभियान के प्रयासों के तहत आधा सैकड़ा से अधिक टूटे परिवारों को पुनः एकजुट करने का प्रशंसनीय कार्य पुलिस द्वारा किया गया है। आत्मीय संवाद एवं काउंसलिंग कर समाधान करते हुए पुलिस टूटे परिवारों की संरक्षक बनकर सामने आई है। और यह सराहनीय प्रयास पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में किया गया है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में संचालित परिवार जोड़ो अभियान के तहत जिले में संवेदनशील, संवाद आधारित एवं मानवीय पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान इस मूल अवधारणा पर आधारित है कि प्रत्येक पारिवारिक विवाद का समाधान केवल न्यायालयीन प्रक्रिया से नहीं, बल्कि संवाद, समझ, परामर्श एवं सहानुभूति के माध्यम से भी संभव है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला पुलिस जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए टूटते पारिवारिक संबंधों को सहेजने और पुनः स्थापित करने सतत प्रयास कर रही है। इस दौरान पारिवारिक विवादों से जूझ रहे अनेक परिवारों के लिए परिवार जोड़ो अभियान आशा की नई किरण सिद्ध हुआ है। इस अभियान के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई से पूर्व दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर संवाद, काउंसलिंग व भावनात्मक मार्गदर्शन के माध्यम से समाधान का प्रयास किया जा रहा है। अब तक जिले में इस अभियान के माध्यम से 79 परिवार पुनः एकजुट हो चुके हैं। ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उन परिवारों में लौटी खुशी और मानसिक शांति की सजीव कहानियां हैं।

### महिला थाना टीकमगढ़ की संवेदनशील भूमिका

महिला थाना पुलिस द्वारा हाल ही में एक पारिवारिक विवाद का समाधान अत्यंत संवेदनशीलता, धैर्य एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ किया गया। आवेदिका सुलेखा अहिरवार, पत्नी सूरज अहिरवार, निवासी ग्राम श्रीनगर कंगना खैरा, थाना देहात जिनका वर्तमान निवास कुम्हैडी, थाना महरौनी, जिला ललितपुर, उत्तर प्रदेश है। इनके द्वारा अपने पति एवं ससुराल पक्ष के विरुद्ध शिकायत महिला थाना पुलिस में की गई थी। महिला थाना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर विस्तार से काउंसलिंग एवं समझाइश दी गई, जिसके पश्चात दोनों पक्ष राजी-खुशी से पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुए। इस मानवीय पहल से एक और परिवार टूटने से बचाया गया, जो संवेदनशील पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### 54 प्रतिशत से अधिक की गिरावट की गई दर्ज

पुलिस अधिकारियो ने बताया कि टूटते परिवारों को बचाने के लिये एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे अभियानो के सुखद परिणाम भी सामने आये है। जिनमे 79 परिवार परिवार जोड़ो अभियान के माध्यम से पुनः एकजुट, दहेज प्रताड़ना के मामलों में 54.12 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट, वर्ष 2024 में 109 प्रकरण, वर्ष 2025 में 50 प्रकरण, संवाद आधारित पुलिसिंग से कानूनी विवादों में कमी एवं सामाजिक संतुलन में वृद्धि, अनावश्यक आपराधिक प्रकरणों में कमी, महिलाओं को संवेदनशील सुनवाई एवं सुरक्षित समाधान का भरोसा, परिवारों में मानसिक तनाव, सामाजिक कलह एवं कानूनी व्यय में कमी, पुलिस एवं जनसामान्य के मध्य विश्वास एवं सहयोग में वृद्धि होना आदि शामिल है। इस मानवीय एवं सामाजिक पहल में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक मथुरा प्रसाद, उप निरीक्षक धनवंती, आरक्षक रामसखी अहिरवार, शिवेंद्र सिंह बुंदेला, अनिल वर्मा की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## दमोह ने कारी को हराकर बनाई सेमीफाइनल में अपनी जगह

# तृतीय वर्ष : बड़ागांव धसान महोत्सव के तीसरे दिन मुख्य अतिथि रहे विधायक यादवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़ागांव धसान





नगर में स्थानीय वार्ड नंबर 1 मिथिला खेरा स्टेडियम में 1 फरवरी को बड़ागांव महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ क्रिकेट टूर्नामेंट से किया गया। महोत्सव के शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने क्रिकेट ग्राउंड का पर रिबन काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में जालम सिंह नगर परिषद घुवारा के अध्यक्ष, गगन, फणींद्र, अजीत खां, राकेश गुप्ता, सूरज राजा अमरपुर उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट के अंतर्गत आज दो मैच हुए जिनमे पहला मैच टीकमगढ़ और दमोह पटवारी इलेवन के मध्य खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीकमगढ़ टीम ने 86 रन बनाये। जिसके जवाब में दमोह टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट रहते 9 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच कारी और दमोह टीम के मध्य खेला गया। जिसमे दमोह टीम ने शानदार खेल खेलते हुए कारी टीम पर जीत दर्ज की और सेमी फ़ाइनल में अपनी जगह बनाई।

टूर्नामेंट आयोजक टीम में शामिल मुकेश सेन ने बताया कि कल का मैच ललितपुर वसिर्स एबं शाहगढ़ टीम के मध्य खेला जाएगा। इस मैच में जो भी टीम जीत हासिल करतीं हैं उसी विजेता टीम का मैच अमित इलेविन के साथ खेला जाएगा। आयोजन कमेटी अध्यक्ष मुकेश सेन, संजय गुप्ता, सनी पठान, स्वदेश तोमर, सोहित पांडे ने बताया है कि यह टूर्नामेंट 30 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा। उक्त महोत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्कूली बच्चो को लेकर कई प्रतियोगिताओ का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदगण कपिल नामदेव, रानू सिंघई, अज़ीज़ खान, गगन फणींद्र, फतेह विश्वकर्मा, राकेश यादव, रमेश अहिरवार, मोहना अहिरवार सहित पूर्व चेयरमैन रमेश पांडेय, पूर्व पार्षद राजेन्द्र खरें, सुनील चोरसिया, हरीश गुप्ता, सनी पठान राघवेन्द्र सिंह, लल्लू पठान, रोहित पांडे, देविंद्र चोरयाल, स्वदेश तोमर, रुद्र प्रताप सिंह, संजय गुप्ता, रवि पांडे, सोमाराम विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, रितिक राजा, गोकुल विश्वकर्मा, अंकुश शुक्ला, आकाश, विकास पांडे, बिक्की राय, भूरे राय, सहित सैकड़ों नगर वासी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण प्रतिभाएं किसी से कम नहीं, सही दिशा की जरूरतः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

### पाली हाई स्कूल में कॅरियर मेले का हुआ समापन, छात्रों को दिए सफलता के मंत्र




भविष्य की चुनौतियों और रोजगार के अवसरों से रूबरू कराने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल पाली में आयोजित 5 दिवसीय कॅरियर मेले का शनिवार को समापन हो गया। 27 जनवरी से प्रारंभ हुए इस आयोजन में समापन के दिन जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।

संस्था प्राचार्य सुनील कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले के चतुर्थ दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सीईओ पलेरा अरविंद्र बोरकर उपस्थित रहे। जिन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी किसी से कम नहीं होती हैं, ग्रामीण प्रतिभाओ को सिर्फ सही दिशा देने की आवश्यकता है। सही दिशा मिलने पर ग्रामीण प्रतिभाये अपनी मंजिल पाने में हुनरमंद रहती है। उन्हें फिर किसी और की जरूरत नहीं होती। उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स साझा किए। मेले के प्रथम दिवस सीएसी रहीश खान, द्वितीय दिवस मानवेंद्र सिंह और तृतीय दिवस राजकुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन किया।

समापन अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षकों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक राजेश अहिरवार, विजेंद्र पटेरिया, प्रमोद अहिरवार, मनीराम अहिरवार, मुकेश विश्वकर्मा, भागेश्वरी एवं उमा साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना संत रविदास जन्मोत्सव



**पलेरा।** सामाजिक समरसता के प्रतीक संत शिरोमणि रविदास की जयंती नगर परिषद पलेरा में धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने मुख्य कार्यक्रम में शिरकत कर संत रविदास के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। उक्त कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष वर्मा ने उपस्थित अतिथियों, संतों और नागरिकों का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत-सत्कार किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाया था। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख जनों की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय मोर, विक्की बरसैय्या, विश्वदीप चौहान, मलखान यादव, अवधेश रावत और इकरार खान ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक अहिरवार ने भी संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्षों को याद किया। इस अवसर पर , राज नपित और कमलेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज कल्याण का संकल्प लिया। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा किए गए इस स्वागत-सत्कार की क्षेत्र में काफी सराहना की जा रही है।

## शहीदों के सम्मान में जिला जेल में हुआ आयोजन

# गांधी जी के विचार आज भी हैं प्रासंगिकः वाघमारे


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिला जेल में शुक्रवार को जेल अधीक्षक यजुवेन्द्र वाघमारे के निर्देशन में शहीद दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है, जिसे देशभर में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के रूप में भी याद किया जाता है।

कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई, जिसके बाद उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बंदियों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक यजुवेन्द्र वाघमारे ने कहा कि शहीद दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी समझने का अवसर है। क्योंकि कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वलिदानो के बाद हमे अपना राष्ट्र और आजादी मिली है। जहाँ हम सुकून की सांस लें सकते है। अब हमे इस आजाद राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूर्ण करनी होगी। जिससे आने वाली पीढ़ी को एक उत्कृष्ट राष्ट्र मिले। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सद्भावना के बल पर देश को स्वतंत्रता की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आजादी हमें सहज नहीं मिली, बल्कि इसके पीछे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग और बलिदान है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश की एकता, सद्भाव और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को भी गांधीजी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जेल सुधारात्मक संस्था है और यहां का उद्देश्य व्यक्तित्व सुधार कर समाज में सकारात्मक वापसी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभीजनो ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में सत्य, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करेंगे तथा समाज और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे। इस अवसर पर जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी एवं बंदी उपस्थित रहे, जिन्होंने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### जिला जेल में निशुल्क कोर्स का हुआ शुभारंभ



जिला जेल में निशुल्क सिलाई, ब्यूटी पार्लर कोर्स एवं प्रौढ़ शिक्षा का शुभारंभ किया गया। जिसका जिला न्यायाधीश प्रवीणा व्यास के द्वारा उद्घाटन कराया गया। इस दौरान जिला न्यायालय में सेवारत समस्त जिला न्यायाधीश, सीजेएम, व्यवहार न्यायाधीश के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनीता गोयल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज कुमार चंसौरिया एवं जेल अधीक्षक युजवेंद्र बाघमारे एवं समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान वी क्लब की महिला पदाधिकारियों ने अपने उदबोधन में कहा कि जिला जेल में सजायाफ्ता महिला कैदियो के लिये वी क्लब द्वारा यह निश्चय किया गया है कि जब यह महिलाये जेल के बाहर जाए तो अपने पैरो पर खड़े होकर फिर से जीवन की अपनी एक नई पारी शुरू कर पाए। सजा के दौरान जिला जेल से एक रोजगार रूपी हुनर सीखकर जाएं और स्वयं स्वाबीलंबी बन सके। जिसके लिये वी क्लब की समस्त बहने दृढ़ संकल्पित है। वी क्लब ने जेल अधीक्षक वाघमारे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन्ही के द्वारा यह कार्य करने का शुभ अवसर वी क्लब की बहनों को मिला है। वी क्लब ने कहा कि आने बाले समय में भी अन्य कई कोर्स बी क्लब की बहनों के द्वारा कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम में बी क्लब अध्यक्ष रजनी रावत, सचिव सुमन साहू, विभा श्रीवास्तव, शिवानी खैवरिया, दीपिका तेवरिया, मीरा खरे, पूनम परमार, पूनम अग्रवाल, दीपा साहू, मालती तिवारी एवं मातृ शक्ति संगठन से श्रद्धा चौहान सहित समस्त टीम उपस्थिति रही।

## सवर्ण समाज ने किया बिल का विरोध

# यूजीसी बिल के विरोध में बंद रहा कराहल, युवाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) बिल के विरोध में रविवार को सवर्ण समाज के आव्हान पर कराहल तहसील मुख्यालय पर बंद रखा गया जो दुकानों के बंद रहने को देखते हुए पूरी तरह सफल कहा जा सकता है। हालांकि पूर्व कोल को देखते हुए लोगों ने अपने संस्थान खोले ही नहीं थे, लेकिन जिन्होंने खोल लिए थे उन्हें आंदोलनकारियों ने बंद करा दिए। इस दौरान सवर्ण समाज के युवाओं ने बिल के खिलाफ रैली भी निकाली।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भारतीय विश्वविद्यालयों में निष्पक्षता, समानता और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यूजीसी अधिनियम 2026 लागू किया है। इन नए नियमों का मकसद छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को शिक्षा परिसरों में किसी भी प्रकार के भेदभाव से मुक्त माहौल देना है, ताकि सभी स्वयं को सम्मानित और समान महसूस कर सकें। नियमों में जातिगत भेदभाव को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिससे ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। यूजीसी एक्ट 2026 के तहत अब सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए भेदभाव रोकना अनिवार्य होगा और हर संस्थान को अपने यहां समान अवसर केंद्र खोलने पड़ेंगे। इस निर्णय को सवर्ण समाज अपने बच्चों के भविष्य को बर्बाद करने वाला बताकर विरोध कर रहा है। पूरे देश में हो रहे प्रदर्शनों के क्रम में रविवार को कराहल में भी विरोध स्वरूप बाजार बंद कराए।



### अदालत से राहत के बाद भी थम नहीं रहा विरोध

हालांकि याचिका दायर करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फिलहाल स्थगन दे दिया है पर देश की सबसे बड़ी अदालत से राहत मिलने के बावजूद विरोध प्रदर्शन थम नहीं रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों से सत्ताधारी संगठन सकते में हैं। भाजपा नेता ना तो अपने लोगों को समझ पा रहे हैं न ही यूजीसी से जुड़ी कोई जानकारी दे पा रहे हैं। ज्ञात हो कि 2 दिन पहले ही यूजीसी बिल को लेकर सवर्ण समाज ने जिला मुख्यालय पर नारेबाजी करते हुए यूजीसी का पुतला दहन किया था। इन आंदोलन से भाजपा नेता हैरान और परेशान हैं।



### क्यों हो रहा है विरोध?

यूजीसी की ओर से यूनिवर्सिटी और कॉलेज स्तर पर जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए 'उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026' लागू किया गया हैं। 15 जनवरी 2026 से यह रेगुलेशन पूरे देश में यूजीसी से संबद्ध सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों प्रभावी हुआ है। सवर्ण समाज से जुड़े संगठनों और समूहों ने इसके लागू होने के बाद ही विरोध शुरू किया था। दरअसल, नए रेगुलेशन में ओबीसी को भी जातीय भेदभाव की परिभाषा में शामिल किया गया। जिसका असर सवर्ण जाति के प्रतिभावान बच्चों पर पड़ना तय है।

## देहात थाना क्षेत्र के कनापुर गांव का मामला

# प्रताड़ना से तंग आकर नव विवाहिता ने जहर खाकर दी जान, पति पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




देहात थाना क्षेत्र के गांव कनापुर में एक नव विवाहिता ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि नव विवाहिता ने पति की प्रताडना से तंग आकर अपनी जीवनलीला को समाप्त किया है। जांच के बाद देहात थाना पुलिस ने इस मामले में पति के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक नव विवाहिता सुनीता 25 वर्ष पत्नी संजय सुमन निवासी कनापुर की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। शादी के बाद इनके एक बेटा भी हो गया। जो कि इस समय डेढ साल का हो गया है। बताया गया है कि 20 जनवरी को नव विवाहिता सुनीता सुमन ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच जहर खा लिया। जिसके बाद उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लिया। चूंकि मृतिका नव विवाहिता थी,इसलिए एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता के द्वारा इस मामले की जांच की गई। जांच के दौरान नव विवाहिता के राजस्थान के बारां जिले के गांव रायतड निवासी मायके पक्ष के लोगों ने अपने बयानों के दौरान बताया कि सुनीता को उसका पति आए दिन प्रताडित करता था,यह प्रताडना दहेज को लेकर दी जा रही थी। इसी प्रताडना से तंग आकर सुनीता ने जहर खाकर अपनी जान दी है। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच के बाद मृतक नव विवाहिता के पति संजय सुमन निवासी कनापुर के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## भाजपा ने गांधी पार्क पर सुना केंद्रीय बजट

# जनहितैषी व विकसित भारत की कल्पना से परिपूर्ण है बजटः शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मलासीतारमण द्वारा पेश बजट जनहितैषी एवं विकसित भारत की कल्पना से परिपूर्ण है। यह बजट जहां युवाओं के सपने पूरे करने वाला है वहीं आम आदमी को राहत पहुंचाने वाला है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने केंद्रीय बजट पर एक प्रेस नोट के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए कही। भाजपा ने बजट का सीधा प्रसारण लोगों को दिखाने की व्यवस्था टेंट और प्रोजेक्टर लगाकर की थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 9वां बजट पेश कर रही है। बजट मे सरकार ने भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित की है, और कहा कि आर्थिक प्रगति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर स्थिरता से आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार का लक्ष्य 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे के साथ आर्थिक विकास को बढ़ाना और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना है। हमारी सरकार ने निर्णायक रूप से और लगातार दुविधा के बजाय कार्रवाई को चुना है, और हमने सार्वजनिक निवेश पर मजबूत जोर बनाए रखते हुए दूरगामी संरचनात्मक सुधारों, राजकोषीय विवेक और मौद्रिक स्थिरता को अपनाया है। उन्होंने कहा वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट जनहितैषी एवं विकसित भारत 2047 की कल्पना को साकार करने वाला बजट है, यह एक बेहतरीन और सर्वहारा वर्ग को लाभान्वित करने वाला बजट है। गांधी पार्क पर बजट के लाइव प्रसारण के लिए लगाए गए पंडाल कार्यक्रम में पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, सुरेंद्र सिंह जाट, राम लखन नापा खेड़ली, ओमप्रकाश राठौर , नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, मोनू सरजनवाल, सुजीत गर्ग,आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्वालियर श्योपुर ट्रेन लाइन पर स्थित रघुनाथपुर गांव के पास क्षेत्र के लोगों ने रविवार को अंदर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया। काफी देर तक धरना बैठे रहे ग्रामीणों ने बताया कि जिस रास्ते से हम वर्षो से निकलते आ रहे है,उस रास्ते को रेलवे विभाग के द्वारा बंद कर दिया गया है। जिसकारण हमे रघुनाथपुर बाजार जाने खासी परेशानी होगी।ग्रामीणों ने मांग की है कि हम जिस रास्ते से वर्षो से होकर निकल रहे है,उस रास्ते को बंद न करते हुए वहां अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाए। हालांकि ग्रामीण धरना देने के बाद उठ गए है,लेकिन उनका कहना है कि यदि अंडर ब्रिज का निर्माण नहीं किया जाता है तो आगे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# संजीव कुशवाह का कांग्रेस जनों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

संगठन में विस्तार देने के उद्देश्य से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई संगठन महा सचिव की नियुक्ति के क्रम में संजीव कुशवाह श्योपुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को अंबेडकर पार्क में कांग्रेस जनों ने उनका माला पहनकर स्वागत किया स्वागत करने वालों में विधायक बाबू जंडेल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल हमीद (भोला) सेवा दल के जिला अध्यक्ष डॉ कमल किशोर शर्मा किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष जसवंत मीणा आदि शामिल थे।

# दो युवक दलित किशोरी को कर रहे थे परेशान, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र में एक दलित किशोरी को दो नामजद युवको के द्वारा उसे परेशान किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत नामजद आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय पीडित बालिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिलखुश रावत और घनश्याम रावत नामक युवक उसे पिछले काफी दिनों से परेशान कर रहे है,उनके द्वारा मेरे फोटो खींचकर उसे वायरल किए जाने की धमकी भी दी जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी

श्योपुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में बीएमओ डॉ राघवेंद्र कर्ण द्वारा थाना विजयपुर में चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने व चोरी का माल जप्त करने को लेकर आवेदन दिया है। बीएमओ डॉ कर्ण द्वारा पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख है कि अस्पताल परिसर विजयपुर में 25 जनवरी को भ्रमण के दौरान आईपीडी में एसीयों के तीन आउटर यूनिट गायब मिले जिनकी तलाश करने ओर स्टाफ से जानकारी लेने पर भी कोई पता नहीं चल रहा है। ऐसा लगता है कि उक्त समान को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। पुलिस ने आवेदन लेकर इस मामले में जांच शुरू कर दी है पर प्रश्न यह उठ रहा है कि अस्पताल परिसर में चोर चोरी कर ले गए और उन्हें ना तो कोई स्टाफ ने देखा न हीं वह सीसीटीवी कैमरे की पकड़ में आ सके हैं। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन की भी लापरवाही कम नहीं है।

## स्ट्रा रीपर व बेलर अनुदान पर खरीदने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

श्योपुर। संचालनालय कृषि अभियात्रिकी विभाग द्वारा स्ट्रा रीपर एवं बेलर अनुदान पर खरीदने के लिए किसानों से 2 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि अनुदान पर स्ट्रा रीपर एवं बेलर कृषि यंत्र खरीदने के लिए किसान ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन कर सकते है, इसकी अंतिम तिथि 2 फरवरी 2026 नियत है। जो भी किसान पराली एवं नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी उक्त यंत्रों को खरीदना चाहते है, वे भूमि की खतौनी अथवा बी-1, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन, जाति प्रमाण पत्र के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

## आस्था पूर्वक मनी संत रविदास की जयंती

# समाज में व्याप्त जात पात छुआ छूत के खिलाफ लड़े संत रविदासः जंडेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



संत रविदास जी (रैदास) के अनमोल वचन समानता, प्रेम, और कर्म प्रधान जीवन पर आधारित रहा। उनका सबसे प्रसिद्ध कथन ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹ है यानी कि यदि मन पवित्र हो तो ईश्वर कहीं भी मिल सकते हैं। वे जाति-पाति के घोर विरोधी थे, कर्म को ही इंसान का सच्चा धर्म मानते थे, और निष्काम कर्म (फल की चिंता किए बिना) पर जोर देते थे। वर्तमान में उनके विचारों पर चलकर देश को विकास के मार्ग पर आगे ले जाने की जरूरत है। यह बात विधायक बाबू जंडेल ने संत रविदास जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क पाली रोड पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कवि और समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनकी जयंती को श्रद्धा-पूर्वक मनाया। कांग्रेसजनों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, उनके दोहों और शिक्षाओं को याद किया, तथा सामाजिक न्याय और समानता के उनके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी अन्याय और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। कांग्रेस जनों ने इस जयंती पर उनके ऐसे ही आदर्शों को याद कर एक भेदभाव-मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया। इस मोके पर जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, संगठन महासचिव संजीव कुशवाह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल हमीद बेग (भोला), पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत मीणा ब्लॉक अध्यक्ष सोई राममिलन रावत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रहलाद सेन जी,पार्षद सुमेर सिंह, सलाउद्दीन बेलिम (भूरा) महावीर वाल्मीक सेवादल अध्यक्ष कमल शर्मा, रामावतार जोशी , महेश प्रजापति, हंसराज मीणा, मानसिंह राठौर, सखावत खान, साजिद खान सदाशिव मीणा, नीलम संजय टैगोर बजरंग लाल, लक्ष्मीनारायण सेन, विजय सिंह, मुकेश मीणा, रामभजन बैरवा, सत्यनारायण चौधरी मुकेश कुमार बैरवा आदि मौजूद रहे।

## गसवानी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात

# बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश खेत पर जा रही महिला से लूट ले गए मंगलसूत्र और टॉप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में इन दिनों वारदात पर वारदात घटित हो रही है। वारदातों से जहां शहर समेत जिलेभर के लोग सकते में आ गए है। वहीं पुलिसिंग पर भी सवाल खडे हो गए है। अभी पुलिस लाइन में पुलिस वालों के घर में हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का खुलासा भी नहीं हो पाया है कि अब गसवानी थाना क्षेत्र में दिनदहाडे लूट की वारदात घटित हो गई। बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाश एक महिला से तब मंगलसूत्र और कान के टॉप्स लूटकर ले गए,जब वह अकेली खेत पर सरसो की फसल काटने के लिए जा रही थी।हालांकि वारदात के बाद महिला ने खूब शोर शराबा मचाया, लेकिन वारदात के बाद दोनो बदमाश बाइक पर सवार होकर ऐसे भागे कि अभी तक उनका कोई अता पता नहीं चल सका है। हालांकि गसवानी थाना पुलिस ने लूट की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है,लेकिन खबर लिखे जाने तक बदमाशों का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई।

पुलिस के अनुसार ग्राम धोवनी निवासी विधवा महिला पिस्ता 52 वर्ष पत्नी स्व सुरेश धाकड शनिवार की दोपहर करीब एक बजे के आसपास जब पैदल अपने घर से अपने खेत पर सरसों की फसल काटने के लिए अकेली जा रही थी। तभी गांव के बाहर खेत पर जाने वाले सुनसान रास्ते में महिला के पास अचानक बाइक सवार दो बदमाश आ धमके। जिनके मुंह बंधे हुए थे। महिला कुछ समझ पाती,उसके पहले ही बदमाशो ने महिला के गले से न सिर्फ उसका सोने का मंगलसूत्र छीन लिया,बल्कि कानो में पहन रखे सोने के टॉप्स भी खींच लिए और फिर बाइक पर सवार होकर गोवर्धन की तरफ भाग निकले। फिलहाल दोनों बदमाशो का कोई सुराग नहीं लगा है,लेकिन दिनदहाडे हुई लूट की इस वारदात से क्षेत्र के लोग सकते में आ गए है।



### चोरियों को अंजाम दे रहे चोर भी बेसुराग

यहां बता दें कि जिलेभर में ताबतोड अंदाज में चोरी की वारदाते भी घटित हो रही है। जवासा गांव में चोरी की बडी वारदात के बाद चोरों ने पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस वालों के घरो को ही निशाना बनाकर उनमें भी लाखों की चोरी कर डाली। इसके पहले शहर की क्रेशर कॉलोनी में रहने वाले एक पुलिसकर्मी के घर भी लाखों की चोरी की वारदात घटित हो गई है। मगर इन चोरियों को अंजाम देने वाले चोरों का फिलहाल पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

### बदमाशों का सुराग लगाने पुलिस खंगाल रही फुटेज

बताया जा रहा है कि दिनदहाडे लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनो बदमाश शिवपुरी जिले में पडने वाले गोवर्धन गांव की तरफ भाग गए। जिनका फिलहाल कोई अता पता नहीं है। बताया जा रहा है कि गसवानी थाना पुलिस ने इस मामले में लूट का मामला दर्ज कर लिया है और बदमाशों का सुराग लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस न केवल अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर रही है,बल्कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज को भी खंगाल रही है। इसके साथही साइबर तकनीक के जरिए बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। लेकिन अभी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है।

### इनका कहना है...

वारदातो को अंजाम देकर भागे अपराधियों की तलाश की जा रही है। इसके लिए अलग अलग पुलिस टीमे लगा दी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी अनसुलझी वारदातों का खुलासा कर दिया जाएगा।

सुधीर कुमार अग्रवाल
एसपी,श्योपुर

# आज 13 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर,16 से लगेंगे कलस्टर स्तर पर

श्योपुर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर शिविरो का आयोजन होने के बाद 16 फरवरी से कलस्टर स्तर के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, इसके उपरांत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन होगा। पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरो के क्रम में 2 फरवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दलारना कलां, मठेपुरा, अलापुरा, मकडावदा कलां, कुडायथा, छोटाखेडा एवं लाडपुरा में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरोंनी, खुरजान, उपचा एवं सुनवई में शिविर का आयोजन होगा। जबकि कराहल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिला एवं सुबकरा में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है। बताया गया है कि अभियान के तहत पंचायत स्तर के बाद कलस्टर एवं विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जारी आदेश के अनुसार 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल के शिविर आयोजित होगे, इसके अंतर्गत 16 फरवरी को सोईकंला में, 17 फरवरी को बगवाज में, 18 फरवरी को रघुनाथपुर में, 19 फरवरी को दांतरदा कलां में, 20 फरवरी को आवदा में, 21 फरवरी को वीरपुर में, 23 फरवरी को अजापुरा में, 24 फरवरी को कराहल में, 25 फरवरी को अगरा में, 26 फरवरी को पाण्डोला में, 27 फरवरी को खिरखिरी में, 28 फरवरी को खितरपाल में, 02 मार्च को रतोदन में, 05 मार्च को गसवानी में, 06 मार्च को ललितपुरा में, 07 मार्च को गोहटा में, 09 मार्च को प्रेमसर में, 10 मार्च को टर्राकलां में तथा 11 मार्च को मानपुर में कलस्टर स्तर के शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित जनपदों के सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अभियान के तहत विकासखण्ड स्तर पर भी शिविर का आयोजन होगा, 18 मार्च को जनपद पंचायत सभागार विजयपुर में, 24 मार्च को जनपद पंचायत सभागार श्योपुर में तथा 25 मार्च को जनपद पंचायत सभागार कराहल में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाये जायेगे। इन शिविरों के लिए संबंधित एसडीएम नोडल अधिकारी रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### पैर फिसलने से कुएं में गिरी नाबालिग, हुई मौत

**बीना।** भानगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम करोंदा में पानी भरते समय पैर फिसलने से एक नाबालिग लड़की की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पूनम पिता घनश्याम धानक उम्र 17 साल निवासी करोंदा घर के पास ही बने कुएं में पानी भरने के लिए गई हुई थी। पानी भरते समय उसका पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई। घटना की जानकारी लगते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे। कुआं गहरा होने के कारण लड़की को निकालने में काफी समय लगा। बड़ी मशक्कत के बाद उसे कुएं से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक वह मृत हो चुकी थी। घटना की सूचना लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम किया गया और शव को पीएम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया।

### विकसित भारत की दिशा में सशक्त व जनकल्याणकारी बजटः राजेंद्र उपाध्याय

**बीना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष



राजेंद्र उपाध्याय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर भारत की नींव को और अधिक मजबूत करता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रावधान देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को साकार करता है। किसानों के लिए सहायता, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण योजनाएं तथा मध्यम वर्ग को राहत देने वाले प्रावधान इस बजट की प्रमुख विशेषताएं हैं। राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि नए भारत की स्पष्ट दिशा और मजबूत संकल्प का परिचायक है, जो आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को नई गति देगा। भारतीय जनता पार्टी इस जनहितकारी बजट का स्वागत करती है और इसे देश के प्रत्येक नागरिक के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला मानती है।

# 100 फीट की ऊंचाई पर शान से लहराया तिरंगा, पुलिस ने दी सलामी, मध्यप्रदेश गान का किया भव्य आयोजन

थाना परिसर में नगर पालिका ने किया विशाल राष्ट्रीय ध्वज का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया लोकार्पण







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

थाना परिसर में नगर पालिका द्वारा लगाए गए देश के गौरव व सम्मान के प्रतीक 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण शनिवार को जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने धूमधाम के साथ किया। राष्ट्रीय ध्वज लहराने का उद्देश्य आम लोगों में राष्ट्रभावना को प्रोत्साहित करने को लेकर लोकार्पण किया गया है। राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण अतिथियों के द्वारा रिमोट से किया गया। इस दौरान पुलिस ने सलामी दी और राष्ट्रीय गान हुआ। रितिका तिवारी एवं उनकी टीम ने मध्य प्रदेश गान गाया।

थाना परिसर में नगर पालिका परिषद के सहयोग से यह कार्य पूर्ण हुआ है। जिसकी लागत 13 लाख है। 100 फीट की ऊंचाई पर विशालकाय तिरंगा झंडा लगाया गया है। जो 30 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा है। जिससे हम सबके मन में देशभक्ति और तिरंगे की प्रति सम्मान रहेगा। इतना ही नहीं अंधेरे का ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय ध्वज के चारों तरफ फॉक्स लाइट लगाई गई है। जिससे शहर के अन्य कोने से भी राष्ट्रीय ध्वज को स्पष्ट रूप से देखा जा सके। लोकार्पण कार्यक्रम को विधायक निर्मला सप्रे, नपाध्यक्ष लता सकवार, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा शहडोल प्रभारी गौरव सिरोठिया, सीएमओ राहुल कौरव, थाना प्रभारी अनूप सिंह ने संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम का आभार सीएमओ राहुल कौरव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## करैरा में संत रविदास जयंती पर ऐतिहासिक भव्य उत्सव का आयोजन

# हजारों श्रद्धालुओं ने मिलकर मंदिर में की मूर्ति स्थापना, विशाल रैली निकली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा में संत रविदास जयंती का उत्सव इस बार अभूतपूर्व उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। संबोधि बौद्ध बिहार से शुरू हुई विशाल रैली ने शहर के प्रमुख मार्गों को पार करते हुए हरदौल मंदिर तक अपनी यात्रा पूरी की। हजारों की संख्या में महिलाएं,पुरुष,बच्चे और युवा इस रैली में शामिल हुए,जिसने पूरे शहर को एक दिव्य ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन करैरा के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ ने सड़कों पर एक अलग ही रंग बिखेरा,रैली की शुरुआत सुबह से ही हो गई थी। संबोधि बौद्ध बिहार में भंते और संतों के आशीर्वाद के साथ शुरू हुई यह पदयात्रा भजन-कीर्तन और नारों के साथ आगे बढ़ी। मुख्य बाजार,बस स्टैंड,स्कूलों के सामने से गुजरते हुए यह रैली हरदौल मंदिर पहुंची,जहां संत रविदास की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति को विशेष सजावट के साथ तैयार किया गया था और इसे पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु मूर्ति के आगे फूल चढ़ाते,दीप जलाते और संत के दोहे गाते नजर आए। इस दौरान शहर के हर कोने से लोग जुड़ते गए,जिससे रैली और भी विशाल हो गई।

हरदौल मंदिर में पहुंचने पर कार्यक्रम का मुख्य भाग शुरू हुआ। यहां संत रविदास के जीवन दर्शन पर आधारित प्रवचन दिए गए,जिसमें समानता,भक्ति और कर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। संत रविदास जी के विचारों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रासंगिक हैं। रैली में शामिल बच्चे और युवा विशेष रूप से उत्साहित दिखे। डीजे की मधुर धुनों पर बच्चे,युवा और महिलाएं थिरकते नजर आए,जिसने आयोजन में आधुनिकता और परंपरा का सुंदर संगम दिखाया। भंते भी रैली में शामिल हुए और अपने आशीर्वाद से सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम की समाप्ति पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन स्थानीय लोगों की एकजुटता का प्रतीक है और भविष्य में इसे और भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना है। इस भव्य समारोह ने करैरा में संत रविदास जयंती को नई पहचान दी है। श्रद्धालुओं का उत्साह देखकर स्पष्ट था कि संत रविदास की शिक्षाएं आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। इस ऐतिहासिक दिन ने न केवल धार्मिक एकता को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी संदेश दिया।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ शिवपुरी के जिला सचिव बने परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करेरा

क्षेत्र के वरिष्ठ और कर्मठ पत्रकार देवेन्द्र सिंह परमार को मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, शिवपुरी जिला का सचिव नियुक्त किए जाने पर पत्रकार जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल है।



उनकी यह नियुक्ति न केवल उनके निरंतर परिश्रम, निष्पक्ष पत्रकारिता और संघर्षशील कार्यशैली की स्वाभाविक स्वीकृति है, बल्कि संगठन के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण मानी जा रही है। देवेन्द्र सिंह परमार लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए जनहित के मुद्दों को पूरी निर्भीकता और तथ्यात्मक मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। चाहे आमजन की समस्याएं हों, प्रशासनिक लापरवाही हो या सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषय—उन्होंने हमेशा सत्य, संतुलन और जिम्मेदारी के साथ अपनी कलम चलाई है।

यही कारण है कि वे पत्रकारों के साथ-साथ आम नागरिकों के बीच भी एक विश्वसनीय और सम्मानित नाम बन चुके हैं। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने संगठनात्मक मजबूती और पत्रकार हितों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

संगठन का मानना है कि देवेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व और सक्रियता से शिवपुरी जिले में पत्रकारों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाएगा तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। उनकी नियुक्ति पर जिलेभर के पत्रकार साथियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि देवेन्द्र सिंह परमार जैसे सजग, जमीनी और संघर्षशील पत्रकार का इस पद पर आना संगठन के लिए सौभाग्य की बात है। उनके अनुभव और दूरदर्शिता से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

बधाई संदेशों में यह भी कहा गया कि वर्तमान समय में जब पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, ऐसे में संगठन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। इस चुनौतीपूर्ण दौर में देवेन्द्र सिंह परमार का जिला सचिव बनना पत्रकार हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूती देगा। उनसे यह अपेक्षा जताई जा रही है कि वे पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए सदैव मुखर रहेंगे।अपने मनोनयन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए देवेन्द्र सिंह परमार ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता, निष्पक्षता और संगठनात्मक मजबूती ही लोकतंत्र को सशक्त बनाती है, और वे इस दिशा में सतत प्रयास करेंगे।ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है कि देवेन्द्र सिंह परमार को उत्तम स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफलता प्रदान करे, ताकि वे अपने उज्ज्वल कार्यकाल में पत्रकार हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें। उनकी यह नियुक्ति निश्चय ही शिवपुरी जिले के पत्रकारों के लिए गर्व का विषय है और आगे इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# बेटे ने की मां की हत्या, पुलिस ने हत्यारे पर केस दर्ज कर धर दबोचा

**बीना।** सुभाष वार्ड स्थित ग्वाल टोली में एक बेटे ने मारपीट कर अपनी मां की हत्या कर दी, हत्या का कारण अज्ञात है। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर जांच के बाद हत्यारे बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को मृतिका के पति प्रेम रैकवार निवासी सुभाष वार्ड ग्वाल टोली ने बताया कि वह होटल में बर्तन धोने का काम करता है। जब वह घर लौटा तो बचाओ-बचाओ चिल्लाने की आवाज आ रही थी। आवाज सुनकर दरवाजे को खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजे नहीं खुले। थोड़ी देर में अंदर से आवाज आना बंद हो



गई और बेटे ने घर का दरवाजा खोला और वह भाग गया। जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो पत्नी गौराबाई रैकवार उम्र 55 वर्ष बेहोश पड़ी हुई थी। पत्नी को लेकर तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बेटा आए दिन अपनी मां से मारपीट करता था। घटना स्थल पर छोटे पत्थर रखे हुए हैं। ऐसी आशंका है कि पत्थरों से मारपीट कर पत्नी की हत्या की गई है। पत्नी के सिर में चोट के निशान भी हैं। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है।

### बिजली का करंट लगने से युवक की हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत कबूल सिंह पुत्र बादल सिंह कुशवाह उम्र 47 साल निवासी आमखेडा को बिजली का करंट लग गया था, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जिले में हुए मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरोला निवासी रामकृष्ण लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार , जयपाल और वीरपाल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण, प्रकाश, कन्छेदी, किशोर और रीना बाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# आत्मनिर्भर थीम पर ब्यूटीशियन कोर्स कार्यक्रम का समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के माध्यम से शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यवस्था के तहत ब्यूटी पार्लर (ब्यूटीशियन) कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

6 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को सौंदर्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया, जिससे वे भविष्य में अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। आज ब्यूटीशियन कोर्स की अंतिम कक्षा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कोर्स शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ के प्रभारी प्राचार्य अमित भार्गव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जवाहरलाल सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। जयदीप कुमार रैकवार, डॉ. जे.पी. सिंह, डॉ. संजीव, डॉ. दीपा वर्मा एवं डॉ. अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर समाज में रोजगार के नए अवसर सृजित करते हैं।

## पुलिस विभाग ने स्मृति चिन्ह और उपहार बांटे

# सेवानिवृत्तों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानपूर्वक समारोह आयोजन से विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला पुलिस बल अशोकनगर में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। विदाई समारोह में सहायक उप निरीक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार अपने परिवार सहित उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा विदाई समारोह में सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहीरवार को शॉल श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर पुलिस विभाग में सराहनीय कार्यकाल पर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले देय स्वत्वों के भुगतान की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह पुलिस विभाग में





दिनांक 07.06.1986 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुये, दिनांक 16.11.2009 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये, दिनांक 03.09.2015 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान अशोकनगर एवं गुना में पदस्थ रहें है। सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार पुलिस विभाग में दिनांक 16.03.1995 को आरक्षक भर्ती हुये, दिनांक 13.09.2013 को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये एवं दिनांक 03.03.2021 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये। सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहिरवार सेवाकाल में गुना, ग्वालियर, अशोकनगर में पदस्थ रहें है। इसमें पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्रसिंह कँवर, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, निरी. नरेन्द्र त्रिपाठी, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार आईना साहिवा मुख्य लिपिक राजेश कन्नोजी, पुलिस स्टाफ एवं सेवानिवृत्त अधिकारी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। पुलिस परिवार सेवानिवृत्त सहायक उप निरिक्षक राकेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक लालाराम अहीरवार द्वारा पुलिस विभाग को दिए गए जीवन के बहुमूल्य समय के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता है एवं उनके उज्जवल भविष्य की मांगल कामना करते हैं।

# अशोकनगर नगर पालिका द्वारा घर-घर जाकर चलाया जा रहा वसूली अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगरपालिका अशोकनगर द्वारा जलकर की बकाया वसूली एवं अवैध नलों की जांच करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसमें वसूली कर्मचारियों की दो टीमें बनाई गई है जो प्रतिदिन वार्डो में जाकर नलों की जांच करते हुए अवैध नल पाए जाने पर एवं वैध नलों की बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में नल काटे जा रहे हैं।

उक्त टीम में वसूली वार्ड प्रभारी सहित प्लंबर कर्मी भी जा रहे हैं ताकि जरूरी होने पर मौके पर ही नल काटे जा सकें चूंकि अब सभी



निकायों को आत्म निर्भर बनने हेतु निर्देश दिए जा रहे हैं और आय बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सीएमओ विनोद उन्नीतान ने विगत दिवस मीटिंग लेते हुए सभी कर्मचारियों को कड़ाई के साथ बकाया वसूली के निर्देश दिए थे। साथ ही नपा द्वारा बकायादारो से अपील की गई है कि अपनी अपनी बकाया राशि शीघ्र जमा करें।

### ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि स्कूल एवं खेल मैदान पर से अवैध अतिक्रमण को हटाया



**अशोकनगर।** तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 50, 51/अ 68/2025-26 से ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 में 0.945 हेक्टेयर शासकीय स्कूल एवं खेल मैदान पर से मुकेश पुत्र भैयालाल कुशवाह, कमल सिंह पुत्र लालाराम कुशवाह, राजाराम पुत्र भागचंद कुशवाह, कैलाश पुत्र दिमान सिंह कुशवाह, दशरथ पुत्र सुखलाल कुशवाह, गणेशराम पुत्र भागचंद कुशवाह द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।